बिहार प्रशासनिक सेवा संघ

प्रशासनिक सेवा भवन, जवाहरलाल नेहरू मार्ग, पटना–800 001

(पंजीयन सं०–633/2003)

Website: basabihar.in , E-mail Id : infobasa1@gmail.com

अध्यक्ष,
*सुरेश कुमार शर्मा
मो० ~~9431818346~~/9431479774

महासचिव,
*सुशील कुमार
मो० 9431091417

उपाध्यक्ष :– * सआदत हसन मिन्टो
* राजेन्द्र राम
संयुक्त सचिवः– * राजयनन्द वार्डियार
* अनिल कुमार
कोषाध्यक्षः– * चन्द्र शेखर सिंह
संयुक्त कोषाध्यक्षः– * विनोद आनन्द

पत्रांक :.......12.......

दिनांक 12/4/2015

प्रेस-विज्ञप्ति

आज दिनांक–**12.04.2015** को बिहार प्रशासनिक सेवा संघ के अध्यक्ष श्री सुरेश कुमार शर्मा के अध्यक्षता में विभिन्न सेवा संवर्ग संगठनों के पदधारको की बैठक बिहार प्रशासनिक सेवा संघ भवन में हुई जिसमें निम्नांकित एसोसियेशन के प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

1. बिहार प्रशासनिक सेवा संघ
2. बिहार पुलिस सर्विस एसोसियेशन
3. बिहार स्वास्थ्य सेवा संघ
4. बिहार अभियंत्रण सेवा संघ
5. बिहार वित्त सेवा संघ
6. बिहार पशुपालन सर्विस एसोशियेसन
7. बिहार पुलिस एसोशियेसन
8. बिहार सचिवालय सेवा संघ
9. बिहार पुलिस मेन्स एसोशियेसन
10. बिहार अवर अभियंता सेवा संघ
11. बिहार सहकारिता प्रशासनिक सेवा संघ
12. बिहार प्रदेश फार्मेसी शिक्षक संघ
13. बिहार कृषि सेवा संघ
14. बिहार सांख्यिकी सेवा संघ
15. बिहार सहकारिता अंकेक्षण सेवा संघ
16. बिहार अनुसूचितीय कर्मचारी सेवा संघ

दिनांक–29.03.2015 को सभी संवर्गो की हुई बैठक में प्रोन्नति समिति की बैठक के रोक पर सभी सेवा संवर्ग के द्वारा काफी रोष व्यक्त किया गया था तथा सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया था कि इस मुद्दे पर माननीय मुख्यमंत्री से समाधान हेतु अप्रील'15 के दूसरे सप्ताह में सभी सेवा संवर्ग को एक साथ मिलने का समय देने का अनुरोध किया जाय। अपैल' 15 के तीसरे सप्ताह तक अगर समाधान नहीं निकलता है तो सभी सेवा संवर्ग एकजुट होकर अप्रील' 2015 के चौथे सप्ताह में चरणबद्ध आन्दोलन का स्वरूप सरकार को संसूचित करेगा।

कृ० पृ० उ०...

सुशील

उपरोक्त के आलोक में सभी सेवा सम्वर्ग द्वारा पत्रांक–10 दिनांक–31.03.2015 द्वारा माननीय मुख्यमंत्री से वार्ता हेतु समय की मांग की गई थी। परन्तु माननीय मुख्यमंत्री द्वारा अभीतक न तो समय दिया गया है और न ही इस संदर्भ में कोई सकारात्मक निर्णय लिया गया है। जिसपर सभी संघो द्वारा रोष व्यक्त किया गया। क्योंकि प्रोन्नति समिति की बैठक नहीं होने से अनुसूचित जाति / जनजाति एवं अन्य वर्ग के सभी कर्मी / पदाधिकारियों को प्रोन्नति बाधित है।

अतः माननीय मुख्यमंत्री को सभी संघ पुनः अनुरोध करती है कि सभी संघो को वार्ता हेतु समय देने की कृपा की एवं उपरोक्त पर समाधान करने की कृपा की जाय। अन्यथा बाध्य होकर सभी सेवा संवर्ग उपरोक्त आन्दोलन करने के लिये मजबुर हो जायेगी।

सुशील 17/4/15

(सुशील कुमार)

महासचिव

17/4/15

(सुरेश कुमार शर्मा)

अध्यक्ष

प्रतिलिपि- सम्पादक सभी दैनिक समाचार पत्रों हिन्दी/अंग्रेजी को प्रकाशनार्थ प्रेषित।

सुशील 17/4/15

(सुशील कुमार)

महासचिव